# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा/माध्य/गुणवत्ता/2020–21 दिनांक 20.6.2021

1. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी समस्त जिले
2. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी समस्त ब्लॉक
3. समस्त संस्था प्रधान राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालय

**विषयः**–सत्र 2021–22 में विद्यालयों में विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों के आरम्भ के संबंध में।

**संदर्भः**–इस कार्यालय का समसंख्यक पत्र दिनांक 04.06.2021 तथा 11.06.2021

राज्य के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में 7 जून से विद्यालयों में नवीन शैक्षणिक सत्र 2021–22 का प्रारम्भ हुआ है। संदर्भित पत्र द्वारा दिनांक 19.06.21 तक किए जाने वाले निम्नांकित कार्य सभी विद्यालयों में पूर्ण कर लिए गये होंगेः–

1. आगामी कक्षा में क्रमोन्नत, विद्यार्थियों प्रविष्टि स्कॉलर रजिस्टर एवं कक्षावार उपस्थिति रजिस्टर संधारित किया जाना ।
2. आगामी कक्षा में क्रमोन्नत विद्यार्थियों का प्रमाण पत्र शाला दर्पण अथवा पीएसपी पोर्टल से डाउनलोड किया जाना ।
3. विद्यार्थियों को टेलीफोन कॉल किया जाना एवं उसका रिकॉर्ड संधारण किया जाने का प्रारंभ करना।
4. कक्षावार स्माइल व्हाट्सऐप समूह का निर्माण।
5. क्रमोन्नति प्रमाण पत्रों का वितरण ।
6. स्माइल मॉड्यूल पर स्टूडेंट रीच फॉर्म की वन टाइम एंट्री

**विद्यालय संचालन** – कोविड–19 की परिस्थितियों के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग एवं गृह विभाग की गाइडलाइन के अनुरूप ही नियमित कक्षाकक्ष शिक्षण अभी प्रारंभ नहीं किया जा सकेगा। शिक्षक एवं अन्य कार्मिक गृह विभाग की गाइडलाइन के अनुसार इस कार्यालय का समसंख्यक पत्र दिनांक 15.06.2021 के अनुसार ही दिनांक 21 जून 2021 से 50 प्रतिशत स्टॉफ ही विद्यालय में शालाप्रधान द्वारा निर्धारित नियमित आवर्तन (Rotation) में विद्यालय में उपस्थिति देंगे, शेष स्टॉफ फील्ड़ में "आओ घर में सीखें–2.0" कार्यक्रम हेतु ड्यूटी देंगे, इस प्रकार सम्पूर्ण स्टॉफ कर्तव्यबद्ध रहेगा। उपस्थिति रजिस्टर एवं शाला दर्पण पर उपस्थिति संदर्भित पत्र दि. 11.06.21 के अनुसार ही करनी है।

दिनांक 21.06.2021 से "बैक टू स्कूल" एवं "आओं घर में सीखें– 2.0" कार्यक्रम का प्रारम्भ हो रहा है। विद्यार्थियों को बैक टू स्कूल कार्यक्रम के अन्तर्गत विद्यार्थियों के अध्ययन की निरन्तरता के संबंध में विविध कार्यवाही की जानी है ।

गत सत्र भी कक्षा कक्ष शिक्षण बाधित रहने से टीचर स्टूडेंट इंटरेक्शन प्रारंभिक तौर पर कम हुआ, जिससे बच्चों में लर्निंग गैप्स उत्पन्न हुए हैं। अतः विभाग द्वारा इस नवीन सत्र 2021–22 के प्रारम्भ से ही विद्यार्थियों के सीखने और समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए एवं लर्निंग गैप्स की क्षतिपूर्ति की दिशा में सुनियोजित व क्रमिक कार्ययोजना का निर्माण किया गया हैं, जिसके अनुरूप शिक्षण अधिगम की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया जा सकेगा।

## नवीन सत्र में शिक्षण हेतु निर्धारित टाईम लाइन

| गतिविधि | निर्धारित तिथि |
|---|---|
| प्रवेशोसत्व – प्रथम चरण | 31 जुलाई 2021 तक |
| विशेष योग्य विद्यार्थियों (सीडब्ल्यूएसएन) हेतु प्रवेशोत्सव प्रथम चरण | 31 जुलाई 2021 तक |
| पाठ्य पुस्तकों का वितरण | 30 जुलाई 2021 तक |
| कलस्टर लेवल (Cluster level) वर्कबुक का वितरण | 15 अगस्त 2021 |
| प्रथम परख | अगस्त के तीसरे सप्ताह में |

वर्तमान कोविड–19 की परिस्थितियों के दौरान ,नियमित कक्षाकक्ष शिक्षण के अभाव की स्थिति में विभाग द्वारा 21 **जून 2021 से अगस्त 2021** के लिए रिमोट लर्निंग प्लान के अनुसार **"आओ घर में सीखें–2.0" 21 जून 2021 से** आरंभ किया जा रहा हैं।

**"आओ घर में सीखें–2.0"** कार्यक्रम में निम्नांकित कार्य होंगे–

- बुनियादी दक्षताओं का ध्यान
- बहुविध शिक्षण प्रणाली "Multimodal teaching channel"- WhatsApp के साथ TV और Radio से होगी पढ़ाई
- विद्यार्थियों के अभ्यास के लिये होमवर्क वर्कशीट
- अभ्यास के लिये व्हाट्सऐप आधारित क्विज़ एवं अगस्त के अंत में आंकलन
- टीचर कॉलिंग (टीचर–स्टूडेंट कनेक्ट)
- Textbook समय पर वितरण
- CWSN विद्यार्थियों के लिए विशेष शैक्षणिक प्रयास

❖ **बुनियादी दक्षताओं का ध्यानः–** गत सत्र 2020–21 में कोरोना काल मे अनियमित कक्षा शिक्षण तथा रिड्यूस्ड सिलेबस से विद्यार्थियों में जो लर्निंग गैप रह गए हैं, सत्र 2021–22 के आरम्भ के प्रथम दो माह में विद्यार्थी के लर्निंग गैप्स का भी चिन्हीकरण किया जाना तथा उस अनुसार उनके लर्निंग गैप्स को कम कर विद्यार्थी को कक्षा की competency (दक्षता) के योग्य बनाने की दिशा में कार्य किया जाना है।

❖ **बहुविध शिक्षण प्रणाली ("Multimodal teaching" channel) :–** कोविड–19 के दौरान विद्यार्थियों की बुनियादी दक्षताओं को ध्यान में रखकर **"आओ घर में सीखे– 2.0"** के तहत् घर पर रहकर संचालित होने वाली बहुविध अर्थात् व्हाट्सऐप, टीवी तथा रेड़ियो आदि के माध्यम से विभिन्न online शैक्षणिक गतिविधियां जैसे स्माइल–3.0, ई कक्षा, शिक्षा–दर्शन, शिक्षा–वाणी एवं हवामहल आदि संचालित की जानी हैं जिसके तहत कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री एवं गृहकार्य उपलब्ध कराया जाना है, जिससे कि विद्यार्थियों में अध्ययन की निरंतरता बनी रहे।

**( I ) SMILE 3.0 कार्यक्रमः-** स्टूडेंट्स को घर पर ही डिजिटल माध्यम से स्टडी मटेरियल पहुंचाने के लिए स्माईल प्रोग्राम चलाया जा रहा हैं जिसके अंतर्गत स्कूलों द्वारा स्टूडेंट्स/पैरेंट्स के साथ व्हाट्सऐप्प ग्रुप बनाये गए हैं जिसमे **21 जून 2021 से** हर दिन सुबह 8 बजे, अध्ययन सामग्री समूहों पर अपलोड की जाएगी जिसे माता–पिता, विद्यार्थी इसे एक्सेस कर सकते हैं। SMILE–3.0 के तहत् निम्नलिखित कार्य किए जाने हैं–

**1. स्माइल 3.0 व्हाट्सऐप ग्रुप्स का निर्माण (दिनांक 19.06.21 तक किया जा चुका हैं।)**

- सभी कक्षा शिक्षकों द्वारा कक्षावार व्हाट्सऐप ग्रुप निर्माण।
- पिछले वर्ष के व्हाट्सऐप ग्रुप का उपयोग किया जा सकता है लेकिन समूह का नाम तथा विद्यार्थियों के नामांकित ग्रेड के साथ अपडेट किया जाना चाहिए।
- उस कक्षा के सभी शिक्षकों को व्हाट्सऐप ग्रुप में जोड़ना।
- स्कूल के एचएम/प्रिंसिपल को स्कूल के सभी व्हाट्सऐप ग्रुप में जोड़ना।
- **सभी ग्रुप में कक्षाध्यापक के साथ विषयाध्यापक भी अवश्य जुडेंगे।**

**2. स्माइल 3.0 व्हाट्सऐप ग्रुप्स में डिजिटल अध्ययन सामग्री प्रेक्षण**

- स्माइल और e–कक्षा वीडियो के साथ दैनिक व्हाट्सऐप संदेश सुबह 8 बजे भेजा जाएगा।
- व्हाट्सऐप संदेश सभी विद्यार्थी समूहों में सुबह 8:15 बजे तक उपलब्ध होना चाहिए।
- वीडियो सामग्री कक्षा 1 से 12 तक भेजी जाएगी।
- कक्षावार डिजिटल अध्ययन सामग्री का वितरण निम्नानुसार किया जाना हैं–

| कक्षा | डिजिटल अध्ययन सामग्री का स्तर |
|---|---|
| कक्षा 1 और 2 | नामांकित विद्यार्थियों को पूर्व–प्राथमिक स्तर की सामग्री प्राप्त होगी |
| कक्षा 3 | नामांकित विद्यार्थियों को कक्षा 1 के स्तर की सामग्री प्राप्त होगी |
| कक्षा 4 और 5 | नामांकित विद्यार्थियों को कक्षा 3 स्तर की सामग्री प्राप्त होगी |
| कक्षा 6 से 12 | नामांकित विद्यार्थियों को उनके कक्षा स्तर (at grade) की सामग्री प्राप्त होगी |

**3. स्माइल 3.0 होमवर्क वर्कशीट तथा विद्यार्थी पोर्टफोलियो निर्माणः–**

- **प्रत्येक सोमवार को** कक्षा 1 से 5 के लिए स्माइल संदेश के साथ होमवर्क वर्कशीट साझा की जाएगी। (सप्ताह में एक बार)
- **प्रत्येक सोमवार और बुधवार** को कक्षा 6 से 12 के लिए स्माइल संदेश के साथ होमवर्क वर्कशीट साझा की जाएगी। (सप्ताह में दो बार)
- यह होमवर्क वर्कशीट उस सप्ताह साझा की गई डिजिटल सामग्री पर आधारित होंगी। जहां भी संभव हो, इन कार्यपत्रकों/वर्कशीट्स को विद्यार्थी के साथ डिजिटल रूप से (व्हाट्सऐप ग्रुप्स के माध्यम से ) साझा किया जाना हैं।
- शिक्षकों को विद्यार्थियों द्वारा भरी गई वर्कशीट्स को व्हाट्सऐप ग्रुप्स से एकत्र करना हैं और उन्हें स्कूल में बनाए गए विद्यार्थी पोर्टफोलियो में रखना हैं।
- जिन विद्यार्थियों के पास डिजिटल पहुँच नहीं है, शिक्षकों को विद्यार्थी के घर विजिट के समय वर्कशीट को भी प्रिंट करके विद्यार्थियों को वितरित करना है तथा अगली विजिट में, शिक्षकों को वह वर्कशीट (जो विद्यार्थियों ने भरी हैं) एकत्र करनी हैं और उन्हें स्कूल में बनाए गए विद्यार्थी पोर्टफोलियो में रखना हैं। इसके लिए व्यय कम्पोज़िट स्कूल ग्रान्ट एवं विद्यार्थी कोष में से किए जाने की अनुमति एतद् द्वारा प्रदान की जाती है।

**4. स्माइल 3.0 प्रश्नोत्तरी (व्हाट्सऐप आधारित क्विज)**

- विद्यार्थियों को सप्ताह में साझा की गई सामग्री के आधार पर प्रत्येक शनिवार को व्हाट्सऐप आधारित क्विज़ प्राप्त होगा। विद्यार्थी स्कूल NIC कोड से भी भाग ले सकेगें।
- **जिन विद्यार्थियों के पास डिजिटल पहुँच नहीं है, उन्हे शिक्षकों द्वारा उनके घर पर विजिट के समय व्हाट्सऐप आधारित क्विज को भी प्रिंट करके विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाया जाएगा। विद्यार्थी के द्वारा दिए गये उत्तरों को शिक्षक द्वारा रिकॉर्ड किया जाएगा।**
- क्विज का लिंक प्रत्येक शनिवार को स्माइल के मैसेज के साथ आएगा, जिस पर क्लिक करने विद्यार्थी क्विज दे सकेगा। जो विद्यार्थी क्विज नहीं दे पा रहे हैं, उन विद्यार्थियों के लिए क्विज का प्रिन्ट आउट लेकर शिक्षक उन्हें सोमवार को उपलब्ध कराएगा एवं विद्यार्थियों से उसी समय उत्तर प्राप्त कर रिकार्ड करेगा एवं बच्चे के पोर्टफोलियो में भी लगाएगा।
- व्हाट्सऐप क्विज के आधार पर मार्किंग की जाएगी। रिजल्ट के आधार पर आकलन किया जाएगा कि विद्यार्थी कौनसे टॉपिक में कमजोर रहे ।
- अगस्त के अंत तक क्विज की संख्या लगभग 10 से 12 हो जाएगी, जिनमें से बेस्ट ऑफ 7 के आधार पर विद्यार्थी का आकलन किया जाएगा, जो कि प्रथम परख होगा।
- इस संबंध में प्रत्येक 15 दिवस में सभी सीडीईओ/सीबीईओके साथ वीडियो कॉन्फ्रेसिग के माध्यम से समीक्षा की जाएगी, जिस ब्लॉक की प्रगति न्यून रहेगी, उसके विरूद्ध कार्यवाही की जा सकेगी।
- क्विज में भाग लेने के लिए में सहायता हेतु एक वीडियो भी भेजा गया है, जिसे देख कर प्रक्रिया को समझा जा सकता है।

**5. स्माइल 3.0 टीचर–स्टूडेंट कनेक्टः–**

- शिक्षकों को फोन कॉल अथवा घर विजिट के जरिए सप्ताह में कम से कम एक बार प्रत्येक विद्यार्थी से जुड़ना होगा।
- सभी विद्यार्थियों के फोन नंबर शाला दर्पण पर अपडेट करने होंगे ।
- फोन कॉल के दौरान शिक्षकों को इन बातों पर ध्यान देना चाहिए–
  - * विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की चर्चा करें।
  - * विद्यार्थियों को साझा की गई सामग्री का उपयोग करके प्रतिदिन कम से कम 2 घंटे अध्ययन करने के लिए प्रेरित करें।
  - * विद्यार्थियों को अगले सप्ताह कॉल करने से पहले कार्यों को पूरा करने के लिए विशिष्ट लक्ष्य दें।

* जिन विद्यार्थियों के पास डिजिटल पहुँच नहीं है, उनसे शिक्षकगण घर विजिट के समय वर्कशीट देकर आए तथा उन्हें अपनी पाठ्यपुस्तक का उपयोग करके वर्कशीट को हल करने का प्रयास करने के लिए प्रेरित करें।

❖ **शाला दर्पण पर स्माइल माड्यूल के तहत स्टूडेण्ट रीच फार्म से ट्रेकिंगः—**
विद्यार्थियों के साथ सम्पर्क की ट्रेकिंग के लिए, शालादर्पण पर उपलब्ध स्माइल मॉडयूल को शिक्षकों द्वारा पाक्षिक रूप (15 दिन में एक बार) से अद्यतन किया जाएगा।

❖ **शिक्षादर्शन**
डीडी राजस्थान पर निर्धारित समय (दैनिक 3.15 घंटे) के लिए स्लॉट प्राप्त कर सामग्री का प्रसारण नीचे दी गई समय सारिणी के अनुसार किया जाएगा, जिससे अधिकतम विद्यार्थियों तक पहुँच बनाई जा सके। (सलंग्न कलैण्डर — परिशिष्ट 1)

| **समय** | **कक्षा** |
|---|---|
| 12:30 PM से 1:30 PM | कक्षा 9 और 10 |
| 1:30 PM से 2:30 PM | कक्षा 11 और 12 |
| 3:00 PM से 3:30 PM | कक्षा 1 से 5 |
| 3:30 PM से 4:15 PM | कक्षा 6 से 8 |
| **प्रत्येक शनिवार की सामग्री शिल्प, कला आदि पर आधारित होगी।** | |

❖ **शिक्षावाणी**
कक्षा 1—2 के लिए "मीना की कहानी" व कक्षा 3—12 के लिए पाठ्यक्रम आधारित कंटेंट का ऑल इंडिया रेडियो पर निर्धारित समय 11 AM से 11:55 AM (दैनिक 55 मिनिट) के लिए दैनिक रेडियो सामग्री का प्रसारण नीचे दी गई समय सारिणी के अनुसार किया जाएगा। (सलंग्न कलैण्डर — परिशिष्ट 2)

| **समय** | **कक्षा** |
|---|---|
| पहले 15 मिनट | कक्षा 1 और 2 |
| 16 मिनट से 35 मिनट | कक्षा 3 और 8 |
| 36 मिनट से 55 मिनट | कक्षा 9 से 12 |
| **हवामहल (प्रत्येक शनिवार)** | |

❖ **पाठ्य पुस्तकों का समय पर वितरण :—** समस्त विद्यालयों में 30 जुलाई 2021 तक पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया जाए, ताकि विद्यार्थियों की अध्ययन की निरंतरता बनाए रखने को सुनिश्चित किया जा सके। इसके लिए पृथक से निर्देश जारी किए जा चुके है।

❖ **"मिशन समर्थ" विशेष योग्यता वाले विद्यार्थियों हेतु घर पर अध्ययन हेतु कार्यक्रम**

- प्रत्येक जिला स्तर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मिशन समर्थ हेतु एक आरपी/पीओ को नॉडल नियुक्त करें।
- प्रत्येक नोडल अपने अधीन ब्लॉक स्तर पर ब्लॉक आरपी की सहायता से ब्लॉकवार विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों का पृथक से वाट्सएप ग्रुप निर्माण करेगा।

- जिन ब्लॉक में इन विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों की संख्या अधिक हो वहां पीईईओ स्तर पर भी पृथक वाट्सएप ग्रुप बनाए जा सकते हैं।
- यह वाट्सएप ग्रुप सामान्य स्माइल वाट्सएप ग्रुप से अलग होंगे। इन पर प्रतिदिन समर्थ कार्यक्रम के ऑडियो/वीडियो मैसेज भेजे जाएगे।
- सीडीईओ/एडीपीसी/सीबीईओ/आरपी/पीओ यह सुनिश्चित करेंगे कि अधिकाधिक विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थी समर्थ वाट्सएप ग्रुप में जुड़े।
- प्रत्येक पीईईओ क्षेत्र में विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों की पहचान की जाकर उनके विद्यालय में दिनांक 31 जुलाई तक संचालित प्रवेशोत्सव प्रथम चरण में नामांकन का प्रयास किया जाए।
- ऐसे बालक–बालिकाओं के अभिभावकों से सम्पर्क कर उन्हें विभाग द्वारा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी एवं प्रोत्साहन योजना से अवगत कराकर उन्हें औपचारिक रूप से विद्यालय में नामाकित कराने का प्रयास किया जाए।
- विद्यार्थियों के लिए सप्ताह में एक बार अर्थात प्रति **सोमवार वर्कशीट** दी जाएगी। यह गृहकार्य को शिक्षकों द्वारा आगामी सप्ताह पुनः संग्रहित कर पोर्टफोलियो संधारित किया जाएगा। इन पौटफोलियों पर पृथक से सी.डब्ल्यू..एस.एन अंकित करें, जिससे निरीक्षण के समय इन्हें पृथक से अवलोकन किया जा सके। यह वर्कशीट स्माइल के होमवर्क मैसेज के साथ समर्थ वर्कशीट के नाम से भेजी जाएगी।
  (एक शिक्षक को 15–20 विद्यार्थियों की जिम्मेदारी दी जाए जो इन विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों एवं इनके अभिभावकों की कॉउन्सलिंग करे।)
- वर्कशीट के अलावा माह में एक बार ब्रैल एवं लार्ज टेक्ट्स में वर्क शीट समसा के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी, जिसे भी विद्यार्थी के पोर्टफोलियों में संधारित किया जाना है।
- प्रबोधन एवं सामग्री निर्माण संबंधी दायित्व चार्ट सलंग्न किया गया है।

## ❖ e –कक्षा

- **राज्य सरकार के** e –कक्षा कार्यक्रम के तहत हिन्दी माध्यम की कक्षा 1 से 12 के तहत वीडियो अध्ययन सामग्री तैयार की गई है।
- e –कक्षा (CWSN) के तहत साइन लैन्गवेज में भी कक्षा 1 से 12 के लिए वीडियो अध्ययन सामग्री बधिर विद्यार्थियों के लिए बनाई जा रही है।
- e –कक्षा के कक्षा 3 से 12 के अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियो के लिए भी अध्ययन सामग्री तैयार की जा रही है, जिसे महात्मा गांधी विद्यालयों एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों में प्रति दिवस स्माइल के माध्यम से पहुंचाया जाना है।
- **संस्था प्रधान एवं समस्त शिक्षक अनिवार्यतः e –कक्षा हेतु मिशन ज्ञान ऐप अपने मोबाइल में डाउनलोड़ करेंगे एवं जिन विद्यार्थियों के पास मोबाइल उपलब्ध है उन अधिकाधिक विद्यार्थियों को भी डाउनलोड़ कराना सुनिश्चित करेंगे।**

- जिला एवं ब्लॉक अधिकारियों से अपेक्षित है कि वे e –कक्षा हेतु मिशन ज्ञान ऐप स्वयं के मोबाइल में डाउनलोड़ करें तथा विद्यालय विजिट अथवा शिक्षकों के साथ वार्ता में उनके द्वारा इसके उपयोग की पुष्टि करते हुए, उपयोगी सुझाव भी प्राप्त करें।
- e –कक्षा हेतु मिशन ज्ञान एप डाउनलोड़ करने के लिए गूगल प्ले स्टोर पर जाकर " Mission Gyan " टाइप करेंगे और एप डाउन लोड़ कर लेंगें अथवा निम्नाकिंत QR कोड़ को स्कैन करने भी इस ऐप को डाउनलोड किया जा सकता है–

Mission Gyan Mobile Application

( उक्त QR Code स्कैनर से उपर्युक्त कोड़ स्केन करने पर आप सीधे गूगल प्ले स्टोर के मिशन ज्ञान ऐप पर पहुँच जाऐंगे, जहां से आप इस एप को डाउन लोड़ कर इच्छित कक्षा/विषय के वीडियों लेसन को देख सकते है। )

**नवीन सत्र में विद्यालय संचालन एवं आओ घर से सीखे–2.0 के लिए मुख्य बिन्दु**

1. **समस्त PEEO** उपर्युक्त निर्देशों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे, अपने अधीनस्थ विद्यालयों के स्माइल कंटेंट की पहुंच सुनिश्चित करेंगे तथा कक्षावार **स्माइल व्हाट्सऐप ग्रुप में अनिवार्य रूप से जुड़ेंगे।**
2. ब्लॉक स्तर पर "आओ घर से सीखे– 2.0" कार्यक्रम की सुनिश्चितता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी करेगें। वे स्वयं **अपने स्टाफ के अन्य सदस्यों, पीईईओ और यूसीईईओ (शहरी नोडल) के माध्यम से विद्यार्थियों तक अध्ययन सामग्री की पहुंच की सुनिश्चित करेंगे।**
3. उक्तानुसार सीडीईओ भी स्वयं अपने कार्यालयों के अधिकारियों को ब्लॉक आवंटित कर प्रति दिवस मॉनिटर करेंगे।
4. जिला स्तर पर एक **व्हाट्सऐप ग्रुप पृथक् से बनाया जाए जिसमें "आओ घर से सीखे–2.0" मिशन समर्थ आदि कार्यक्रम के तहत धरातल पर होने वाले कार्यों के छायाचित्र साझा किए** जाएं। **इस वाट्सएप ग्रुप में अधोहस्ताक्षकर्ता को अवश्य जोड़ा जाए।**
5. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, निदेशालय, समसा कार्यालय, एससीईआरटी कार्यालय में कार्यरत RCSE जिला प्रभारी अधिकारी प्रति दिवस प्रभाग वाले **किसी न किसी एक विद्यालय के शिक्षकों के साथ वीडियो कॉल द्वारा जुड़कर उनसे "आओ घर से सीखे– 2.0" कार्यक्रम की प्रगति जानेंगे, मार्गदर्शन देते हुए संबल प्रदान करेंगे।** उक्त कॉल का रिकॉर्ड भी रखा जावे तथा यह भी ध्यान में रखा जावे की प्रति दिवस पृथक विद्यालय में कॉलिग हो।
6. जिला एवं ब्लॉक कार्यालय के अधिकारियों में विद्यालयों कों आवंटित किया जाकर उनके वाट्सएप ग्रुप में जोड़ा जाए तथा उन विद्यालय में विजिट कर विद्यार्थियों, अभिभावकों से ऑनलाइन/ऑफलाइन सम्पर्क स्थापित करे।

कोविड के दौरान शिक्षकों एवं संस्था प्रधानों द्वारा किया गया कार्य अत्यंत सराहनीय रहा है। आप सभी, समाज की धरोहर एवं मार्गदर्शक है। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए सुरक्षित रहें। विद्यार्थियों की अध्ययन की अनवरतता हमारा दायित्व है, अतः इसे भी नवीन चुनौतियों के अनुरूप अपना श्रेष्ठतम देते हुए उक्तानुसार विद्यार्थियों के अध्ययन की निरन्तरता हेतु अपने उपर्युक्त दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करावे।

(सौरभ स्वामी)
आइ.ए.एस
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु

1. विशिष्ट सहायक, शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव स्कूल शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
3. निदेशक, संस्कृत शिक्षा राजस्थान, जयपुर ।
4. निदेशक, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर को **उक्तानुसार स्माइल अध्ययन सामग्री एवं वर्कशीट की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु।**
5. संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा –समस्त।

निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

# शिक्षा विभाग राजस्थान

## राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

### शिक्षादर्शन कार्यक्रम दिनांक 21 जून 2021 से 26 जून 2021 तक प्रसारित एपिसोड

| Day | Episode | Timimg | Class 1 | | Class 2 | | Class 3 | | Class 4 | | Class 5 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Subject | Episode | Subject | Episode | Subject | Episode | Subject | Episode | Subject | Episode |
| 21-6-2021 सोमवार | 1 | (15:00 - 15:30) 30 mins Class 1 to 5 | गणित (Maths) | वस्तुओ का वर्गीकरण | | | English | A Smile with Blessing | गणित | घड़ी में समय देखना (भाग 1) | | |
| 22-6-2021 मंगलवार | 2 | | गणित (Maths) | वस्तुओ का वर्गीकरण | गणित | गिनो मगर समूह में | हिंदी | देश की माटी (कविता) | गणित | घड़ी में समय देखना (भाग 2) | | |
| 23-6-2021 बुधवार | 3 | | गणित (Maths) | क्रमबद्धता | English | A Rabbit and Two Ducks | | | | | पर्यावरण (EVS) | मिलकर करे सफाई |
| 24-6-2021 गुरुवार | 4 | | | | Maths | आकृति की समझ | | | English | Each one is unique Part 1 | पर्यावरण (EVS)<br>ENGLISH | परिवारो का आना जाना भाग 1<br>THE RATS AND ELEPHANTS |
| 25-6-2021 शुक्रवार | 5 | | गणित (Maths) | क्रमबद्धता | | | गणित<br>गणित | तीन अंको की सख्या की जानकारी<br>तीन अंको की सख्या को पढ़ना और लिखना | | | पर्यावरण (EVS)<br>गणित (Maths) | परिवारो का आना जाना भाग 2<br>संख्याएं |
| 26-6-2021 शनिवार | 6 | | गणित (Maths) | वस्तुओ के स्थान | हिंदी | बिल्ली और चूहा | गणित | तीन अंको की सख्याओ का विस्तारित रुप | | | | |

| Day | Episode | Timing | Class 6 | | Class 7 | | Class 8 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Subject | Episode | Subject | Episode | Subject | Episode |
| 21-6-2021 सोमवार | 1 | (15:30 - 16:15) 45 mins Class 6 to 8 | हिन्दी | वह चिड़िया जो - भाग-1 | गणित | पूर्णांक - परिचय | गणित | परिमेय संख्याएँ - परिचय |
| 22-6-2021 मंगलवार | 2 | | विज्ञान | भोजन : यह कहाँ से आता है? part 1 | गणित | पूर्णांक - परिचय - प्रश्नावली 1.1 (प्रश्न संख्या 1 से 6) | हिंदी | ध्वनि - कविता |
| 23-6-2021 बुधवार | 3 | | विज्ञान | भोजन : यह कहाँ से आता है? part 2 | English ( Poem ) | The Squirrel | अंग्रेजी(Grammar) | Direct and Indirect speech |
| 24-6-2021 गुरुवार | 4 | | विज्ञान | भोजन : यह कहाँ से आता है? part 3 | हमारा पर्यावरण | पर्यावरण - परिचय | सामाजिक विज्ञान | कैसे कब और कहाँ - तारीखें कितनी महत्वपूर्ण होती है ? |
| 25-6-2021 शुक्रवार | 5 | | गणित | अपनी संख्याओ की जानकारी : परिचय | हमारा पर्यावरण | प्राकृतिक और मानवीय पर्यावरण | | |
| 26-6-2021 शनिवार | 6 | | गणित | अपनी संख्याओ की जानकारी : 4 अंको की संख्याएँ बनाना | सामाजिक विज्ञान | हज़ारो वर्षो के दौरान हुए परिवर्तनो की पड़ताल - मानचित्र और इतिहास के स्रोत | विज्ञान | फसल उत्पादन एवं प्रबंध - कृषि पद्धतियाँ \| भाग - 1 |




(संजय सेंगर)
प्रोफेसर-II

शिवजी गौड़
प्रोफेसर
रा.रा.शै.अनु.प्रशि.परि
उदयपुर (राज.)

निदेशक
राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान
एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर (राज.)

# शिक्षा विभाग राजस्थान

## राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

### शिक्षादर्शन कार्यक्रम दिनांक 21 जून 2021 से 26 जून 2021 तक प्रसारित एपिसोड

| Day | Episode | Timing | Class 9 Subject | Class 9 Episod | Class 10 Subject | Class 10 Topic |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 21-6-2021 सोमवार | 1 | (12:30- 13:30) 60 mins Class 09 to 10th & (13:30 - 14:30) 60 Mins Class 11th to 12th | हिन्दी | हिन्दी (व्यावहारिक व्याकरण) - विलोम शब्द - भाग - 1 | अंग्रेजी | The Thief's Story - Thief and His behaviour |
| | | | हिन्दी | हिन्दी (व्यावहारिक व्याकरण) - विलोम शब्द - भाग - 2 | | |
| 22-6-2021 मंगलवार | 2 | | गणित | सख्या पद्धति - परिचय भाग 1 | अंग्रेजी | The Thief's Story |
| | | | अंग्रेजी | The road not takenअंग्रेजी (Poem) - part - 1 | Maths | बहुपद part 1 |
| 23-6-2021 बुधवार | 3 | | सामाजिक विज्ञान Book - (भारत और समकालीन विश्व -1) | फ्रांसिसी क्रांति part 1 | हिन्दी (व्यावहारिक व्याकरण) | मुहावरे |
| 24-6-2021 गुरुवार | 4 | | विज्ञान | क्या हमारे आस - पास के पदार्थ शुद्ध हैं भाग - 1 | अंग्रेजी(Grammar) | Active Passive Voice |
| | | | हिन्दी | पर्यायवाची शब्द भाग - 1 | | |
| 25-6-2021 शुक्रवार | 5 | | English -Beehive | The Fun They Had part-1 | Maths | बहुपद part 2 |
| | | | English -Beehive | The Fun They Had part-2 | | |
| 26-6-2021 शनिवार | 6 | | अंग्रेजी | The road not takenअंग्रेजी (Poem) - part - 2 | विज्ञान | अम्ल क्षार एवं लवण |
| | | | सामाजिक विज्ञान Book - (अर्थशास्त्र) | पालमपुर गाँव की कहानी -1 | | |
| | | | Maths | सख्या पद्धति -part 2 | | |

| Day | Episode | Class 11 Subject | Class 11 Episod | Class 12 Subject | Class 12 Episod |
|---|---|---|---|---|---|
| 21-6-2021 सोमवार | 1 | भूगोल | मानव भूगोल : प्रकृति व विषय क्षेत्र | हिन्दी | संतवाणी - कबीर के दोहे |
| | | व्यवसाय अध्ययन | प्रबन्ध : परिचय, महत्व, प्रकृति एवं क्षेत्र | | |
| 22-6-2021 मंगलवार | 2 | English | The Portrait of a Lady -1 | भौतिक विज्ञान | विद्युत क्षेत्र - वैद्युतिकी |
| | | | The Portrait of a Lady-2 | | |
| | | | The Portrait of a Lady-3 | | |
| | | | The Portrait of a Lady-4 | | |
| 23-6-2021 बुधवार | 3 | अर्थशास्त्र | स्वतंत्रता की पूर्व संध्या पर भारतीय अर्थव्यवस्था भाग 1 | English Composition | Compositions Speech \| Part - 1 |
| | | | | English Composition | Compositions Speech \| Part - 2 |
| 24-6-2021 गुरुवार | 4 | लेखाशास्त्र | लेखांकन - एक परिचय | Chemistry | ठोस अवस्था परिचय |
| | | रसायन विज्ञान | पदार्थों का भौतिक वर्गीकरण | Chemistry | बध के आधार पर ठोसों का वर्गीकरण |
| 25-6-2021 शुक्रवार | 5 | व्यवसाय अध्ययन | व्यवसाय, व्यापार और वाणिज्य 1 | English Composition | Letter |
| | | | | English Composition | Official Letter (Part 1) |
| 26-6-2021 शनिवार | 6 | संस्कृतसाहित्यम् | वेदामृतम् | लेखाशास्त्र | साझेदारी एक परिचय |

होनहार राजस्थान

DD राजस्थान निम्नांकित चैनल पर उपलब्ध है -

DD राजस्थान निम्नांकित लिंक से लाईव देखें

DD Rajasthan LIVE

DD RAJASTHAN

| DTH | Dish Tv | IP Tv | Airtel | Siti Cable | Videocon | Den cable | Reliance | Sun TV | Tata Sky |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2204 | 245 | 195 | 404 | 577 | 868 | 139 | 389 | 716 | 1190 |

(संजय सेंगर)
प्रोफेसर-II

शिवजी गौड़
प्रोफेसर
रा.रा.शै.अनु.प्रशि.परि
उदयपुर (राज.)

निदेशक
राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर (राज.)

# राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

## शिक्षावाणी

**प्रथम सप्ताह प्रसारण कार्यक्रम (दिनांक 21.06.2021 से 26.06.2021 तक)**

**प्रसारण समय—प्रातः 11.00 से 11.55 तक**

| क्र.स | दिनांक | वार | प्रारंभ से 15 मिनट | | 16 मिनट से 35 मिनट तक | | | | | | | 36 मिनट से 55 मिनट तक | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | मीना की कहानियां | डाइट/ यूनिसेफ | कक्षा | विषय पाठ्यपुस्तक | पाठ क्रमांक | पाठ का नाम | डाइट/ यूनिसेफ | आलेखनकर्ता का नाम श्री/श्रीमती/ सुश्री | समीक्षक का नाम श्री/श्रीमती /सुश्री | कक्षा | विषय पाठ्य पुस्तक | पाठ क्रमांक | पाठ का नाम | डाइट/ यूनिसेफ | आलेखनकर्ता का नाम श्री/श्रीमती /सुश्री | समीक्षक का नाम श्री/श्रीमती /सुश्री |
| 1 | 21.06.21 | सोमवार | जन्मदिन का तोहफा | यूनिसेफ | 8 | हिन्दी बसंत–1 | 10 | कामचोर | उदयपुर | अंजना जैन | प्रवीण कुमार श्रीमाली | 12 | जीव विज्ञान | 2 | पुष्पीय पादपों में लैंगिक जनन | उदयपुर | वैन्कटेश्वरी पानेरी | विनोद जैन |
| 2 | 22.06.21 | मंगलवार | दावत का लड्डू | यूनिसेफ | 3 | पर्यावरण अध्ययन | 5 | हरी हरी पत्तियां | जोधपुर | कविता कंवर | संयुक्ता गुप्ता | 9 | संस्कृत | 1 | भारती वसंतगीतिः | जोधपुर | डॉ0मीना जांगिड़ | डॉ0श्याम सुन्दर सोलंकी |
| 3 | 23.06.21 | बुधवार | मीना और खो–खो मैच | यूनिसेफ | 4 | हिन्दी | 1 | सुखधाम | जयपुर | डॉ0 सुपमा सिंह | मितेश कुमारी | 9 | हिन्दी– क्षितिज | 1 | दो बैलों की कथा | जयपुर | सुमन माथुर | मितेश कुमारी |
| 4 | 24.06.21 | गुरूवार | स्कूल से भागा भूत | यूनिसेफ | 8 | विज्ञान | 17 | तारे एवं सौर परिवार | उदयपुर | सोहन कंवर | मंजुला कंवर | 10 | संस्कृत शेमुषी | 1 | शुचिपर्यावरणम् | उदयपुर | पुष्कर आमेटा | संतोप कंवर व्यास |
| 5 | 25.06.21 | शुक्रवार | अभी मैं छोटा हूं | यूनिसेफ | 4 | हिन्दी | 2 | बुद्धिमान खरगोश | जोधपुर | लक्ष्मी कंवर | डॉ0श्याम सुन्दर सोलंकी | 12 | अर्थशास्त्र | 1 | अर्थशास्त्र का परिचय– उद्‌भव एवं संदर्भ | जोधपुर | मंजू वर्मा | संयुवता गुप्ता |
| 6 | 26.06.21 | शनिवार | बालूशाही | यूनिसेफ | 5 | पर्यावरण अध्ययन | 9 | कहां कहां से पानी | उदयपुर | विमला श्रीमाली | दीप्ति श्रीमाली | 10 | हिन्दी | 2 | मीरा–पद | उदयपुर | महेश जोशी | दिनेश सोमानी |

18/6/2021
(संजय सेंगर)
प्रोफेसर-II
दिनांक.....................

शिवजी गौड़
प्रोफेसर
रा.रा.शै.अनु.प्रशि.परि
उदयपुर (राज.)

निदेशक
राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान
एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर (राज.)